## खबर संक्षेप

### मामा के हवस का शिकार हुई भांजी

**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र से नवरात्रि के बीच एक झकझोर देने वाली घटना निकलकर सामने आई है। यहां पर नाबालिग लडक़ी के साथ दुष्कर्म की घटना को उसके रिश्ते के मामा ने अंजाम दे दिया। जहां खेत में ले जाकर मामा ने अपनी भांजी के साथ दुष्कर्म किया, जिसके बाद नाबालिग की चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन खेत पहुंचे, जहां नाबालिग भांजी ने अपने मां-बाप को पूरी जानकारी बताई। खबर है कि नाबालिग लडक़ी घर पर ही थी, तभी उसके रिश्ते के मामा ने उसको खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। यह जानकारी होने के बाद इसकी सूचना थाना नौरोजाबाद में दर्ज कराई है। वही थाना प्रभारी अरुणा द्विवेदी ने बताया कि आरोपित मामा को गिरफ्तार कर लिया है और पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है।

### सट्टा पर्ची काटते युवक धराया

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे एवं सट्टा-जुआ के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना-चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। थाना बुढ़ार क्षेत्रांतर्गत 16 अप्रैल को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि वार्ड नं. 03 बुढ़ार के पास में एक व्यक्ति सट्टा-पर्ची के माध्यम से लोगों को पैसे की हार जीत के दाव लगवा रहा है। सूचना पर पुलिस द्वारा उक्त सूचना में बताए गए स्थान में दबिश देकर आरोपी रोशन सोनी पिता प्रदीप सोनी उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड नं.-03 बुढ़ार को सट्टा-पर्ची काटते हुए पकड़ा गया, जिसके कब्जे तलाशी लेने पर से सट्टा पर्ची, पेन एवं नगदी 410 रुपये जब्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी बुढ़ार के नेतृत्व में हरिकिशोर जाटव की सराहनीय भूमिका रही।

### 61 लीटर अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा जिले में शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर सभी थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिये गए थे। जिसके पालन में 16 अप्रैल को अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही कर 04 स्थानों पर दबिश देकर कुल 61 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जप्त की गई।

### 97 वाहन चालकों के कटे चालान

**शहडोल।** जिला पुलिस द्वारा 16 अप्रैल को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 97 चालानों में 36.100 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### नैंसी सिंह पहली बार मतदान के लिये उत्सुक, मतदाताओं से की अपील



**शहडोल।** जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत जोरा के ग्राम जरूखरा निवासी सुश्री नैंसी सिंह आगामी 19 अप्रैल को पहली बार मतदान करने हेतु उत्सुक है। सुश्री नैंसी सिंह ने जिले के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि मैं 18 वर्ष की उम्र पूर्ण कर चुकी हूं। आगामी 19 अप्रैल को मैं पहली बार मतदान करूंगी मेरे लिए यह बहुत खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि है सभी मतदाता 19 अप्रैल को मतदान करने अपने-अपने मतदान केंद्र अवश्य जाए और शत-प्रतिशत मतदान करें।

# पात्रों को पीछे ढकेल कर अपात्र को बैठा दिया कुर्सी पर

## उपायुक्त ट्रायबल के आदेश से आश्चर्य में शिक्षा विभाग

**शासन के वफादार समझे जाने वाले अफसर अब खुलकर अपनी धनलिप्सा मिटाने नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। संभागीय उपायुक्त ट्रायबल ने पात्र प्राचार्यों के उपलब्ध रहते हुए भी कन्या शिक्षा परिसर सोहागपुर में एक अपात्र को प्राचार्य बना दिया। जो कि शिक्षा विभाग में चर्चा का विषय बन गया।**

शहडोल।

शासन की संलग्रकरण व्यवस्था का सर्वाधिक दुरुपयोग अगर किसी विभाग में हुआ है तो वह है शिक्षा विभाग। जहां इस दोषपूर्ण व्यवस्था का लाभ उठाकर शिक्षक सुविधाएं भोगते रहे और अफसर भी रकम फटकारते रहे। बाद में शासन ने इस व्यवस्था को हालांकि रोक दिया लेकिन शिक्षा विभाग में चोरी छिपे इसका काला बाजार आज भी चल रहा है। यही वजह है कि कहीं कहीं तो स्कूलों में शिक्षक भरे पड़े हैं और कहीं कहीं तो एक शिक्षक हैं और कहीं तो पड़ोसी स्कूलों के शिक्षकों से मदद लेकर स्कूल चलाई जा रही है। यह अव्यवस्था विभागीय अफसरों की जानकारी में है इसके बावजूद कहीं कोई सुधार नहीं। सब यथावत चल रहा है।

एक उदाहरण ऐसा भी है जिसमें बुढ़ार से एक अपात्र प्राचार्य को मुख्यालय शहडोल में संचालित कन्या शिक्षा परिसर का प्राचार्य बनाया गया। जबकि यहां पात्र वरिष्ठ प्राचार्यों की पर्याप्त उपलब्धता रही। सारा खेल लाखों की रिश्वत के कारण चला।




### वरिष्ठता के आधार का उल्लंघन

बताया गया कि 13 मार्च को कन्या शिक्षा परिसर सोहागपुर में वरिष्ठता के आधार पर प्राचार्य का पदांकन किया जाना चाहिए था। लेकिन संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति ने शाला संचालन की दृष्टि से सीताराम मिश्रा पूर्व प्रभारी प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर बुढ़ार को नियमविरुद्ध यहां पदस्थ कर दिया और कहा गया कि यह आदेश आगामी आदेश तक के लिए है। कन्या परिसर में किसी प्राचार्य की शासन स्तर से पदस्थापना होने पर यह आदेश स्वयं समाप्त हो जाएगा। इस तरह का आदेश होते ही यह पद चर्चा का विषय बन गया। बताया गया कि संबंधित अफसर को यहां मौजूद वरिष्ठ 50 प्राचार्य दिखाई नहीं पड़े। यहां आज भी 100 व्याख्यता और लगभग 1 हजार शिक्षक वर्ग-1 उच्च माध्यमिक हैं।

### अपात्र को बैठाने की जरूरत क्या थी

सूत्रों के अनुसार जब संलग्रीकरण की व्यवस्था प्रतिबंधित है और व्यवस्था के लिए पात्र कर्मचारी व प्राचार्य मौजूद हैं तो फिर एक अपात्र के लिए इस व्यवस्था को खोदकर निकालने की जरूरत क्यों पड़ी। निश्चित रूप से इसमें भ्रष्टाचार किया गया। रणजीत सिंह धुर्वे प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर सोहागपुर को 62 वर्ष की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के फलस्वरूप 31 मार्च 2024 के अपरान्ह से सेवा निवृत्त किया गया था। उनके पश्चात नियमानुसार सर्वाधिक वरिष्ठ प्राचार्य को सोहागपुर कन्या परिसर का प्रभार दे दिया जाना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं कर सबकी अनदेखी करते हुए सीताराम मिश्रा जो कि माध्यमिक शिक्षक वर्ग दो को यहां पदांकित कर दिया गया। जो कि पद के लिए पूर्णतया आर्हता नहीं रखता।

### अन्य स्कूलों में भी चल रहा खेल

दोषपूणर्ा संलग्रीकरण का खेल केवल इसी जगह नहीं बल्कि जिले में चल रही संपूर्ण शासकीय स्कूलों की गहराई से छानबीन हो तो सैकड़ों की संख्या में इसी तरह स्कूलों में घुसपैठ दिखाई पड़ेगी। संलग्रीकरण समाप्त हो गया, कई बार स्थानांतरण आदेश भी हुआ लेकिन इसके बावजूद शिक्षक अपनी इच्छानुसार स्कूलों में घुसे बैठे हैं। ट्रांसफर लिस्ट में नाम आता है लेकिन फिर नाम गायब हो जाता है और शिक्षक अथवा हॉस्टल अधीक्षक जहां के तहां काम करते रहते हैं। जिले में वर्षों से यही खेल चल रहा है। हर साल अधिकारी लाखों रुपए इसी धंधे से पीटते हैं। ट्रांसफर रद्द कराने का खेल स्कूलों से भी ज्यादा हॉस्टलों में चल रहा है।

# पूर्व धनपुरी सीएमओ के निवास पहुंच डॉ. दीक्षा को उपमुख्यमंत्री ने दिया आशीर्वाद





शहडोल।

जिले के धनपुरी नगर पालिका के पूर्व सीएमओ रविकरण त्रिपाठी के निवास पर बीते दिनो प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने पहुंचकर उनकी पुत्री को विवाह से पूर्व आशीर्वाद प्रदान किया, पूर्व सीएमओ एवं प्रदेश उपाध्यक्ष नगरीय निकाय कर्मचारी संघ वार्ड नंबर-08 पाण्डव नगर श्री त्रिपाठी की पुत्री डॉ. दीक्षा त्रिपाठी का विवाह 18 अप्रैल गुरूवार को होना है, चुनाव की व्यस्तता के चलते उप मुख्यमंत्री शादी समारोह शामिल नहीं हो सकेंगे, इसलिए एक दिन 16 अप्रैल मंगलवार को उप मुख्यमंत्री ने आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान यहां उपस्थित वरिष्ठजनों एवं अन्य लोगो से भाजपा प्रत्याशी हिमाद्री सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

इस दौरान पूर्व नपा सीएमओ धनपुरी के निवास पर डॉ. मुकेश तिवारी पूर्व कुलपति, डॉ. राजेश पाण्डेय पूर्व सीएमएचओ, एड. गिरीश श्रीवास्तव, डॉ. ए.के. श्रीवास्तव पूर्व सीएमओ, डॉ. ओ.एम. त्रिपाठी केशवाही, राकेश रिछारिया भाजपा जिला उपाध्यक्ष छतरपुर, राजेश रिछारिया वरिष्ठ भाजपा नेता, एड. रविन्द वर्मा, राजेश चतुर्वेदी, डी.एस.त्रिपाठी, के.पी. त्रिपाठी, श्याम सुंदर सोनकिया, पप्पू सोनकिया, मुन्ना सोनकिया, राजेश अरजरिया, जय प्रकाश गर्ग पूर्व छात्र नेता, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश्वर उदानिया उर्फ मुन्ना भईया, प्राणेश त्रिपाठी, देवेश त्रिपाठी, योगेश त्रिपाठी अधिवक्ता, रविन्द्र कांत त्रिपाठी, डॉ. सिद्धार्थ सिंह, राकेश यादव, दुर्गा राय, अनुराग त्रिपाठी, आरती कुशवाहा, आशुतोष यादव पार्षद वार्ड नंबर-38 एवं अन्य ने स्वागत किया।

# टॉयर फटने से बस में लगी आग

शहडोल।

जिले के गोहपारु थाना क्षेत्र अंतर्गत वन विभाग के बैरियर के समीप बुधवार को एक चलती बस मे आग लग गयी। बस में सवार सभी यात्रियों को उतारकर सुरक्षित बचा लिया गया , लेकिन बीच सडक़ मे बस जलकर ख़ाक हो गई है। यह घटना सुबह 4.00 बजे की है। जानकारी के अनुसार मनीष ट्रैवल्स की बस क्रमांक सीजी 07 ई 4588 रायपुर से प्रयागराज जा रही थी। बस मे 50 यात्री सवार थे। बीच रास्ते में गोहपारु बैरियर के पास अचानक बस का पिछला टायर फूट गया। टायर फूटते ही बस में आग लग गई, लेकिन बस चालक को इसकी जानकारी नहीं लगी और वह आगे बढ़ गया।

### हो सकती थी जनहानि

वन विभाग के कर्मचाररी ने बस चालक को आग लगने की जानकारी दी। इसके बाद बस में सवार सभी यात्रियों को तुरंत नीचे उतारा गया। इस बीच बस में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते बीच सडक़ मे बस जलकर ख़ाक हो गयी। वनकर्मी रमेश की जागरूकता के कारण यात्रियों की जान बच गयी नही तो कोई बड़ी जनहानि हो सकती थी। वह उन यात्रियों के लिए मसीहा बनकर वहांपहुंचा।

### वनकर्मी की सजकता से रूकी बस

घटनास्थल पर वन विभाग के बेरियऱ पर तैनात रमेश कुशवाहा ने देखा कि बस चालक को आग लगने की भनक नहीं लग पाई, उसने जोर जोर से आवाज लगाई, लेकिन चालक तक उसकी आवाज नही पहुंच सकी। वनकर्मी को बस में सवार यात्रियों की चिंता हुईं और वह तुरंत अपनी अपनी मोटर सायकिल लेकर बस का पीछा किया। उसने बस के साइड ग्लास मे टार्च की रोशनी दिखाते हुए चालक को बस रोकने इशारा किया, जिसके बाद चालक ने बस रोकी।

### दमकल 2 घंटे बाद पहुंचा

बस में आग लगने के बाद मामले की जानकारी दमकल कर्मियों को दी, लेकिन दमकल वाहन घटना के 2 घंटे बाद मौके पर पहुंचा। जब तक बस में लगी आग को स्थानीय लोगों ने बुझा लिया था। हालांकि बस जलकर राख हो गई थी, सवाल यह खड़ा होने लगा है कि बस में यात्री सवार थे और दमकल कर्मियों को मामले की जानकारी तत्काल लोगों के द्वारा दी गई लेकिन दमकल वाहन पहुंचने में 2 घंटे का वक्त लग गया।



# खेर माता मंदिर कमेटी आज करेगी जवारा विसर्जन

**शहडोल।** शहर में आज कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिसमें शहर के सामाजिक, धार्मिक और राजनैतिक संस्थाओं के लोग शामिल होंगे। शक्ति की उपासना पूर्ण होने पर मंदिरों से आज जवारा शोभा यात्राएं निकाली जायेगी। खेर माई मंदिर कमेटी एवं शक्ति जन कल्याण सेवा समिति वार्ड नंबर-31 अत्माराम तालाब के ऊपर स्थित मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष 18 अप्रैल को जवारा का विसर्जन का आयोजन किया गया है, कमेटी के अध्यक्ष अनिल कुमार निगम, उपाध्यक्ष मनोज कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, सचिव बृजेश कुमार गुप्ता एवं सदस्य श्याम सेन, रज्जन गुप्ता, पियूष सोनी, विष्णु गुप्ता, कमता प्रसाद लक्षकार, अखिल सोनी, नित्तू, हर्षित, भाऊ, सहिल, हंसराज, श्रीकांत रोहित, वंश द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में सम्मलित होने की अपील की है।

# पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

### सुरक्षा व्यवस्था के लिये दिये निर्देश

शहडोल।

पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर का भ्रमण कर आगामी लोकसभा चुनाव की ड्यूटी वितरण को लेकर की जा रही तैयारियों तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। कमिश्नर बी.एस. जामोद, एडीजीपी डी.सी. सागर, कलेक्टर तरूण भटनागर एवं पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा स्ट्रांग रूम एवं ड्यूटी वितरण की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा हेतु त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लगायी जाएगी, जिसमें जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल एवं केन्द्रीय सशस्त्र बल को डयूटी हेतु लगाया जाएगा। इसके साथ वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण के लिए यातायात का बल भी लगाया जायेगा।

वरिष्ठ अधिकारियों ने स्टाफ से समन्वय करने, वितरण एवं जमा करने की व्यवस्था का निरीक्षण कर पायी गई कमियों को दूर कराने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, रक्षित निरीक्षक दीपेन्द्र कुशवाह एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।



### शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव की पुलिस बल ने की तैयारियां पूर्ण

**उमरिया।** लोकसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण में 19 अप्रैल को जिला उमरिया में मतदान किया जाना है। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के उद्देश्य से जिला पुलिस बल की समस्त तैयारियां पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के कुशल नेतृत्व में पूर्ण हो चुकी हैं।

आम चुनाव के मद्देनजर जिले में 200 की संख्या से अधिक सशस्त्र अर्धसैनिक बल एवं 750 विशेष पुलिस अधिकारियों सहित कुल 2106 की संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए 75 सेक्टर मोबाइल, 10 क्विक रिस्पॉन्स टीम, 10 पर्वेक्षणकर्ता अधिकारी एवं 6 फ्लाइंग सर्विलेंस टीम सहित कुल 170 से अधिक वाहनों के माध्यम से पुलिस बल लगातार क्षेत्र में नजर बनाए हुए है एवं आवश्यकता पड़ने पर किसी भी स्थल पर अथवा मतदान केंद्र पर तत्काल सुरक्षा पहुंचाने हेतु तत्पर है। 10 स्टेटिक सर्विलेंस टीम के माध्यम से जिले की सीमाओं पर नाकेबंदी भी गई है ताकि चुनाव को किसी भी तरह के अनुचित माध्यमों से प्रभावित न किया जा सके।

चुनाव की तैयारियों में इस बार सबसे महत्त्वपूर्ण व्यवस्था कम्युनिकेशन को लेकर की गई है प्रत्येक थाना क्षेत्र में अतिरिक्त रिपीटर लगाए गए हैं ताकि पुलिस बल एवं मतदान केंद्र में पुलिस बल पुलिस कंट्रोल रूम के संपर्क में रहे एवं सूचनाओं का त्वरित आदान प्रदान हो सके।

# सूर्यदीन के लिए आज भी खत्म नहीं हुआ वर्ष 2022

## सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पर मेहरबान नौकरशाह

शहडोल।

जिले में पशुधन के उपचार के लिए छोड़े-बड़े कुल 96 पशु चिकित्सालय, औषधालय व कृतिम गर्भाधान केंद्र हैं। कर्मचारियों की कमी के कारण पशुओं को जरूरत के अनुसार सुविधाएं व उपचार नहीं मिल रहा है। जिला स्तर योजनाओं के संचालन के लिए को कागजी कार्रवाई की जाती है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पशुधन को उपचार की बेहतर सुविधा उपलब्ध नहीं है, मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सक व टेक्नीशियन की कमी के कारण पशुधन के इलाज व जांच के लिए पालकों को परेशान होना पड़ रहा है। मजे की बात तो यह है कि पशु विभाग में पदस्थ कर्मचारियों को राजस्व विभाग में अटैच किया गया है, जिससे जितने कर्मचारी हैं भी वह भी मूल काम छोड़ अब राजस्व विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, हालाकि चर्चा यह भी है कि राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों में अटैच कर्मचारी खुद भी इन विभागों को छोडऩा नहीं चाहते हैं।

### न मिला बाबू, न पड़ी विभाग को जरूरत

पशु पालन विभाग में पदस्थ सूर्यदीन पटेल वर्षो से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर में अटैच हैं, इससे साफ जाहिर होता है कि राजस्व विभाग को वर्षो से लिपिक शासन स्तर से नहीं मिला, इससे तज्जुब की बात तो यह है कि विभाग में कर्मचारियों की कमी होने के बावजूद विभाग के मुखिया ने कभी कलेक्टर या अनुविभागीय अधिकारी से यह गुहार नहीं लगाई कि विभाग को सूर्यदीन पटेल की आवश्यकता है। हालाकि संचालनालय पशुपालन ने श्री पटेल की पदस्थापना पशु औषधालय पटासी में पदस्थापना की थी। पशु पालन विभाग के जिम्मेदारों का कहना है कि किसी से समस्या छुपी नहीं है, वरिष्ठ अधिकारियों को स्वयं देखना चाहिए कि आखिर कोई विभाग कब तक अतिरिक्त प्रभार के भरोसे चलाया जा सकता है। सूर्यदीन पटेल की अस्थाई रूप से एक वर्ष के लिए संयुक्त कलेक्टर के आदेश पर अगामी आदेश पर्यन्त अथवा अधिकतम एक वर्ष के लिए पदस्थ किया गया था।

### 325 पद खाली, नहीं हो रही भर्ती

जानकारों की माने तो, पशु चिकित्सा विभाग में वाहन चालक के 6 पद स्वीकृत हैं, लेकिन एक भी नहीं है। वाहन चालकों के सेवानिवृत्त होने के बाद भर्ती नहीं हुई। ऐसे में अधिकारी खुद वाहन चलाते हैं या फिर किराए का चालक लेकर फील्ड का कार्य करते हैं। जिले में पशु चिकित्सक के 35 पद स्वीकृत हैं, जिसमें 13 पद खाली और 22 पद भरे हैं, जिनको अतिरिक्त प्रभार देकर कार्य कराया जा रहा है। 160 पद कंपाउंडर के स्वीकृत जिसमें सिर्फ 72 ही भरे हैं और 88 खाली हैं। अन्य श्रेणी के कर्मचारियों के 450 पदों में सिर्फ 125 पदों पर ही कर्मचारी तैनात हैं। 325 पद अभी भी रिक्त हैं। हालाकि बीते माहों में सरकार द्वारा घर पहुंच सेवा शुरू की है, लेकिन संभागीय मुख्यालय के सोहागपुर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में पदस्थ सूर्यदीन पटेल को कब तक विभाग अटैच पर रखेगा यह तो, अब वरिष्ठ पदों में बैठे जिम्मेदार ही जाने।

# पेसा मोबिलाइजर मतदाताओं को कर रहें मतदान के प्रति जागरूक



**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने एवं मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक कराने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में शहडोल जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत जोरा के ग्राम जरूखरा के पेसा मोबिलाइजर श्रीमती वर्षा सिंह ने मतदान का महत्व बताते हुए वरिष्ठ मतदाताओं व कार्यों में लगे मतदाताओं मतदान हेतु पीला चावल देकर आमंत्रित किया है तथा 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील की। इसी प्रकार विभिन्न ग्राम पंचायतों के पेसा मोबिलाइजरो द्वारा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत घुनघुटी, जनपद पंचायत बिरसिंहपुर पाली (म.प्र.)**

**विशेष सूचना**

ग्राम पंचायत घुनघुटी के समस्त ट्रैक्टर मालिकों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जनपद पंचायत पाली के आदेश क्रमांक 8402 दिनांक 28/02/2024 के तहत उपरोक्तानुसार पत्र के परिपालन में ग्राम पंचायत घुनघुटी अंतर्गत गांधी ग्राम में ग्रीष्मकाल (गर्मी) में पेयजल की समस्या को देखते हुए पेयजल परिवहन की आवश्यकता है। जो लिफाफा बंद कर अपना रेट दर निर्धारित कर दिनांक 18/04/2024 को शायं 06 बजे तक अपना आवेदन पंचायत कार्यालय में जमा करें। ताकि दिनांक 20/4/2024 स पेयजल परिवहन किया जा सके।

**कार्यालय ग्राम पंचायत घुनघुटी, जनपद पंचायत पाली, जिला उमरिया**



## खबर संक्षेप

### नियम विरूद्ध वाहन चलाने पर हुई कार्यवाही

**शहडोल।** जिला पुलिस द्वारा 15 अप्रैल को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 122 चालानों में 45,000 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### कोयला से भरा ट्रैक्टर पकड़ाया

**शहडोल।** कलेक्टर तरूण भटनागर के निर्देशानुसार जिला अंतर्गत खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु खनिज अमले के द्वारा ग्राम नवलपुर तहसील सोहागपुर से एक ट्रेक्टर- ट्रॉली, बिना नंबर को खनिज कोयला के अवैध परिवहन में जप्त किया गया, जिसे थाना सोहगपुर में अभिरक्षार्थ खड़ा कराया गया। उक्त वाहन में खनिज नियमों के अनुसार कार्यवाही की जा रही है।

### वॉटसएप हैक, अश्लील मैसेज हो रहे वॉयरल, दर्ज हुई शिकायत

**उमरिया।** जिले में वॉटसएप हैक होने की एक शिकायत सोमवार की शाम को सामने आई। इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार एंबुलेंस चालक कृष्ण कुमार विश्वकर्मा का वाटसएप हैक हुआ है। बताया गया है कि कृष्ण के मोबाइल पर मैसेज के जरिए एक लिंक आई। वाट्सएप को अपडेट करने की लिंक थी, कृष्णा उसे मैसेज को डिलीट कर रहा था, लेकिन गलती से उसे लिंक पर क्लिक हो गया और उसका वाट्सएप हैक हो गया और उसके मोबाइल में यह लिख कर आया कि आपका वाट्सएप अब दूसरे मोबइल पर रजिस्टर्ड हो गया है। कृष्ण कुमार के वाट्सएप हैक हो जाने से उसके नंबर से विभिन्न लोगों को और ग्रुपों में अश्लील मैसेज और वीडियो जाने लगे, जिसकी जानकारी उसके मित्रों ने उसे दी। जानकारी मिलने के बाद कृष्ण कुमार विश्वकर्मा शिकायत लेकर साइबर सेल उमरिया गया और पूरी जानकारी दी। जिले में प्रायः पैसों के हेर-फेर साइबर फ्राड के माध्यम से होने की जानकारी सामने आती रहती है, आम लोगों को ऐसे मामलों में सतर्क रहने की आवश्यकता है।

### विभिन्न माध्यमों से दे रहे मतदान का संदेश

**शहडोल।** जिले में शत्-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर अशोक कुमार मरावी के मार्गदर्शन में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में शहडोल जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत बसोहरा के मतदान केन्द्र शासकीय हाई स्कूल बसोहरा में आगामी 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव हेतु मंगलवार 16 अप्रैल को शत्-प्रतिशत मतदान के लिए युवाओं से अपील की गयी। पेसा मोबेलाइजर अमीन बाई सिंह ने घर-घर जाकर पीले चावल देकर आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं से मतदान करने की अपील की।

### बम ब्लास्ट से मची अफरा-तफरी, जांच में जुटी पुलिस

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के ग्राम टिहकी में सोमवार की रात को प्रजापति मोहल्ला के वार्ड नंबर-05 में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कचरे के ढेर के पास अचानक तेज विस्फोट हुआ। वहां मौजूद एक गोवंश के जबडे का चीथड़ा उड़ गया। घटना की जानकारी लगते ही ब्यौहारी पुलिस की टीम पहुंच गयी। जब पुलिस ने विस्फोट वाले एरिया की जांच पड़ताल शुरू की तो वहां एक ज़िंदा बम भी मिला। आनन-फानन में लोगों को वहां से दूर कर आस-पास का क्षेत्र खाली कराया गया। संभागीय मुख्यालय स्थित बम डिस्पोजल स्काट टीम (बीडीएस) को बुलाया गया। टीम ने बताया कि ज़िंदा बम को निष्क्रिय किया, यह बम जंगली सूअर को मारने के उपयोग में लाया जाता है। अब पुलिस जांच कर रहीं हैं कि चुनाव से महज तीन दिन पहले आखिर, वहां बम कैसे पहुंच गया।

## मोटा वेतन लेने वाले शिकायत के इंतजार में बैठे

# नौकरशाहों की सांठगांठ से चल रहा भू-माफिया का कारोबार

भूमाफिया किसानों की जमीनों को सस्ते दामो में खरीद कर उसमें अवैध प्लाटिंग कर ऊंचे दामो में बेच मालामाल हो रहे है, इस खेल में नौकरशाहों की गठजोड़ किसी से छुपी नहीं है, प्लाट खरीदने वालों को ऊंचे-ऊंचे सब्जबाग दिखाकर छला जा रहा है, समय रहते प्रशासन कार्यवाही करने की जगह क्रेताओं को ही कटघरे में खड़ा कर देता है। जबकि इस अवैध कारोबार में प्रशासन की भूमिका खुद संदिग्ध है।



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय में भूमाफियाओं और रसट्रिर, राजस्व अधिकारियों, पटवारियों की आपसी सांठ-गांठ की कहानी तो अक्सर सुनने को मिलती है, वहीं राजस्व विभाग और उसके अधिकारी कर्मचारी इस पर लाख दावे करते रहते है कि उनके क्षेत्र में सभी कार्य जैसे प्लॉटिंग, नामांतरण, सीमांकन, फौती उठाना, ऑन लाईन डीएससी आदि राजस्व नियमो के तहत किया जा रहा है, लेकिन ऐसा होता कही नजर नहीं आता । कृषि भूमि को बिना टीएनसीपी अनुमति, अवैध प्लॉटिंग कर अवैध रूप से विभिन्न टुकड़ों में बेचा गया है और खुलेआम नामांतरण कर दिया गया, पूरे मामले में नीचे से लेकर ऊपर तक बैठे नौकरशाहों के सामने मामला स्पष्ट है, लेकिन मुखिया के कार्यालय से टीएनसीपी कार्यालय और टीएनसीपी कार्यालय से मुखिया के कार्यालय तक पत्राचार होने के साथ पटवारियों के प्रतिवेदनों के बावजूद न तो राजस्व निरीक्षक के तबादले हो सके और न ही जिम्मेदारों पर कार्यवाही करने का बल ही प्रशासन जुटा पाया।

### राजस्व नियमों की हुई अनदेखी

अनिल नामक भू-माफिया का कल्याणपुर क्षेत्र में सिक्का चलता है, चर्चा है कि महार्षि विद्या मंदिर स्कूल के पीछे शासकीय भू-खण्ड तक का सौदा कर उसमें भी कब्जा करा दिया है। अनिल ने पूरा खेल राजस्व निरीक्षक के साथ मिलकर खेला है, खसरा क्रमांक 183 के दो दर्जन से अधिक टुकड़ों में राजस्व के नियमों की अनदेखी करते हुए एवं ग्राम तथा नगर निवेश की अनुमति के बिना प्लाटिंग करके बिक्री किया गया है। इसमें पटवारी एवं तहसीलदार की भूमिका संदिग्ध है। क्योंकि इन खसरों का नामांतरण भी जारी है, यदि इसे रोका नहीं गया तो, इन भूमि के टुकड़ों को खरीदने वालों को किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं मिलेगी और भविष्य में इस क्षेत्र का विकास करने की जिम्मेदारी शासन और प्रशासन पर आ जायेगी।

### पंजीयक कार्यालय में सेटिंग

लगातार पंजीयक कार्यालय में कृषि भू-खण्ड के टुकड़े भू-माफिया बेच रहा है, भू-माफिया की पंजीयक कार्यालय में इतनी तगड़ी सेटिंग है कि रजिस्टार यह तक नहीं देख रहे हैं कि कृषि भूमि के कितने बटांक हो गये, वहीं दूसरी ओर वर्तमान में जिन तहसीलदार के पास सोहागपुर क्षेत्र की जिम्मेदारी है, उन्हें शिकायतों का इंतजार है, इससे साफ जाहिर होता है कि साहब को अगर शिकायत नहीं मिलेगी तो, साहब कार्यालय से बाहर नहीं आयेंगे। तत्कालीन तहसीलदारों ने भी अपना खेल कर दिया है, वर्तमान साहब शिकायत के इंतजार में बैठे हैं।

### नहीं लग पाया चांपा में अंकुश

पूर्व में चांपा ग्राम पंचायत में हुई अवैध प्लाटिंग के लिए पटवारियों ने समय-समय पर प्रशासन से अवगत कराया था, लेकिन आरआई, तहसीलदार, एसडीएम सहित कलेक्टर ने समय रहते अवैध प्लाटिंग पर रोक नहीं लगाई, मजे की बात तो यह है कि वर्तमान में कल्याणपुर में अनिल नामक भू-माफिया राजस्व निरीक्षक के साथ मिलकर खुला खेल-खेल रहा है, लेकिन पूरा महकमा चुप्पी साधे हुए, भू-माफिया द्वारा चलाये जा रहे इस गोरखधंधे पर अगर समय रहते अंकुश नहीं लगा तो, आस-पास के क्षेत्र में कृषि भूमि बचेगी ही नहीं।

### इनको बेच दी जमीन

कल्याणपुर की खसरा क्रमांक 183 की इस जमीन की प्लाटिंग 28 टुकड़ों में की गई इसके बाद तेजलाल वर्मा, सुधाबाई तिवारी, श्रीमती साधना सिंह, श्रीमती बीना सोंधिया, विकास कुमार मिश्रा, श्रीमती माला देवी, नीरज दुबे, रोशनी गुप्ता, मनीता सिंह, अविनाश प्रताप सिंह, राम प्रकाश द्विवेदी, विवेक कुमार तिवारी, ऋचा, जीतेन्द्र प्रताप सिंह, सविता त्रिपाठी, विकास कुमार पाण्डेय, उषा पाण्डेय, अतुल विश्वकर्मा, सुभाष पाण्डेय, छेदीलाल मौर्य, रविशंकर विश्वकर्मा, श्रीमती संध्या सिंह, बृजेन्द्र कुमार, समर साहा, श्याम बिहारी सिंह, बिहारी सिंह, विकास कुमार मिश्रा द्वारा भू-खण्ड क्रय किया गया। इनमें से अधिकांश पटवारी के संपर्क में थे। इसी ग्राम की दर्जनों भूमियां पूर्व में बेची गईं।

### मुंह छुपा रहे जिम्मेदार

मोटे मुनाफे के चक्कर में कृषि भूमि को बिना भू-रूपांतरण कराए भू-माफिया अनिल नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से कृषि भूमि पर कॉलोनियां काट रहा हैं और ऐसे मामलों में कार्रवाई करने के बजाय प्रशासन भी सांठ-गांठ कर धड़ल्ले से रजिस्ट्री कर सरकार को चूना लगा रहे हैं, संभागीय मुख्यालय से सटे कल्याणपुर ग्राम पंचायत में कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनियां बसाने का गोरखधंधा जोरों से चल रहा है, कृषि भूमियों का बिना भू-रूपांतरण किए भू-माफिया लगातार अवैध प्लाटिंग कर मोटे दामों पर बेच रहा है, हालाकि प्रशासन पर जब ज्यादा दबाव पड़ेगा तो, पूर्व की भांति क्रेताओं को कटघरे में खड़ा किया जायेगा, जबकि इस पूरे खेल के लिए प्रशासनिक अधिकारी स्वयं जिम्मेदार हैं। नवागत कलेक्टर से जागरूक लोगों ने मांग की है कि जिले में चल रहे भू-माफियाओं के कारोबार पर नकेल कसते हुए, भू-स्वामियों पर मामला दर्ज कराते हुए शासन को हुए नुकसान की वसूली की जाये।

# पार्षदों सहित दर्जन भर कांग्रेसियों ने थामा भाजपा का दामन

## पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ने भाजपा का जनाधार किया मजबूत





**धनपुरी ।** लोकसभा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, ठीक उससे पहले भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के नेताओं के सुर तथा नेताओं की बगावत कर दूसरे दलों में जाने का क्रम भी तेज होता जा रहा है। शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह के पक्ष में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छाबड़ा ने धनपुरी नगर पालिका के तीन वार्ड पार्षद तथा इसके साथ ही दर्जनों कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल कराया है। कांग्रेस छोड़ भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं को भाजपा की क्षेत्रीय सांसद तथा वर्तमान प्रत्याशी श्रीमती हिमाद्री सिंह, स्थानीय विधायक जय सिंह मरावी तथा नगर पालिका धनपुरी की अध्यक्ष श्रीमती रविंद्र कौर छाबड़ा ने भाजपा की पट्टिका पहना कर परिवार में स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष और धनपुरी नगर पालिका के अध्यक्ष पति इंद्रजीत सिंह छाबड़ा ने दो दर्जन कांग्रेसियों और तीन पार्षदों को भाजपा में शामिल कर मास्टर स्ट्रोक खेला है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष के द्वारा मतदान से ठीक 3 दिन पहले कांग्रेस के आधार स्तंभों को तोडकऱ भाजपा में शामिल करने से क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी मजबूत होगी और भाजपा का जन आधार भी बढ़ेगा। इस संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता जानू छाबड़ा ने बताया कि नगर पालिका परिषद धनपुरी के तीन पार्षदों ने कांग्रेस छोडकऱ भाजपा का दामन थाम लिया है, उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 2 के पार्षद विजय यादव के अलावा वार्ड नंबर 21 के पार्षद दिव्य रेखा सिन्हा और उनके पति तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा ने भी भाजपा का दामन थाम लिया है, इसी क्रम में वार्ड नंबर 26 के पार्षद चंद्रकांता कोल ने भी भाजपा का दामन थाम कर कांग्रेस को अलविदा कर दिया है। कांग्रेस को छोडकऱ भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वालों में श्रीमती सुमन सिंह, चंद्र प्रकाश गुप्ता, विनय सिन्हा, रमेश सिंह, दर्शन उर्फ बंटल कुमार जैन बुढार के अलावा वाल्मीकि द्विवेदी, पुरुषोत्तम गुप्ता के साथ ही मारकंडेय सिंह,चतुरानंद सिंह, गणेश प्रजापति, पवन कुमार मिश्रा, जयप्रकाश दहिया, गंगा सिंह, राजकुमार साहू, रंजीत सोंधिया, उमेश दहिया, रविंद्र विश्वकर्मा, दिनेश सोनी, अशफाक अली चंद,तथा मेहुल श्रीवास्तव ने भी कांग्रेस छोड़ भाजपा का दमनथामा है।

# जीवन की सुरक्षा नहीं चुनाव का होगा बहिष्कार

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी जनपद की ग्राम पंचायत बोचरो के ग्रामीणों ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए लोकसभा निर्वाचन वर्ष-2024 में मतदान का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है, मतदाताओं ने बताया कि ग्राम पंचायत बोचरो संजय गांधी राष्ट्रीय अभ्यारण दुबरी के अंतर्गत आता है, उक्त वन में अत्यधिक संख्या में शासन द्वारा बाघ छोड़े गये हैं और गांव की सुरक्षा के लिए कोई भी प्रबंध शासन स्तर पर नहीं किया गया है। जिसकी मांग निरंतर ग्रामीणों द्वारा शासन व प्रशासन से की जाती रही है। ग्राम बोचरो की आबादी 3500 के करीब है और शाम होते ही बाघों का विचरण जंगल से गांव की ओर होने लगता है, पूर्व में बाघों द्वारा दुर्घटना कारित की जा चुकी है। ग्रामवासी रात्रि में लकड़ी जलाकर अपने घर में रात भर जागते हैं, रात्रि में किसी भी प्रकार की आकस्मिक विपदा आ जाने पर स्वास्थ्य परीक्षण के लिए भी गांव से बाघों के डर के कारण लोग सडक़ मार्ग से नहीं निकलते हैं। प्रशासन द्वारा कई बार वन के किनारे बाउंड्रीबाल का निर्माण कर गांव को बाघो से सुरक्षित करने का मौखिक आश्वासन दिया गया, किन्तु आजतक कोई कार्यवाही नहीं की गई। ग्रामीणजन और उनके मवेशी काफी असुरक्षित हैं व किसी समय दुर्घटना एवं जनहानि होने का अंदेशा बना रहता है, घर के बाल-बच्चों की देख-रेख के कारण घर के जवाबदार लोग कमाने के लिए भी कहीं बाहर नहीं जा पाते हैं।

ग्राम पंचायत बोचरों द्वारा 14 अप्रैल को सभा आयोजित कर सर्व सम्मत से यह निर्णय लिया गया है कि शासन प्रशासन द्वारा ग्रामीणों के जीवन की कोई सुरक्षा नहीं किये जाने के कारण लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का सामूहिक रूप से बहिष्कार करेंगे।

## आरपीएफ-जीआरपीएफ ने किया ट्रेन में हुई चोरी का खुलासा

**शहडोल।** रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में रीवा से पेण्ड्रा रोड तक पीछे की जनरल कोच में यात्रा कर रहे यात्री अंशुल दुबे पिता विनोद दुबे उम्र 25 साल निवासी पेण्ड्रा रोड थाना गौरेला जिला जीपीएम छग के काले रंग के बैग में रखे 02 वीडियो कैमरा चोरी हो गए थे। इन कैमरों को चोरी करने वाले आरोपित को जीआरपी तथा आरपीएफ की संयुक्त टीम ने पकडऩे में सफलता हासिल की है। कैमरों के साथ मेमोरी कार्ड, बैटरी, फ्लैश लाईट, चार्जर आदि सामान भी चोरी हुआ था।



घटना के संबंध में बताया गया कि 31 जनवरी 2024 को रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में चोरी होने के बाद पीड़ित ने पेण्ड्रा रोड में जीआरपी चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। अज्ञात के विरुद्ध दर्ज कर घटना की क्षेत्राधिकारी के आधार पर जीआरपी थाना शहडोल को केश डायरी ट्रांसफर की गई थी। जहां पर केश डायरी प्राप्त होने पर जीआरपी थाना शहडोल में अपराध 27 फरवरी को अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध दर्ज किया गया। चोरी गए सामान की कुल कीमत 03 लाख रुपये बताई गई थी। पीड़ित पक्ष की ओर से रेल मदद में भी तुरंत शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिस पर रेसुब टास्क टीम-2 द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्चधिकारियों के मार्ग निर्देशन में अपराधी की निरंतर खोजबीन की जा रही थी। कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना आरपीएफ के उप निरीक्षक डी. के.यादव, प्रधान आरक्षक वी.के.जैन, मनोज कुमार, स.एस.डी.समाधिया एवं जीआरपी शहडोल के थाना प्रभारी उप निरीक्षक राम मनोहर झारिया, आरक्षक एन.एस.तोमर एवं आरक्षक रवि सिंह की संयुक्त टीम द्वारा अपचारी बालक उम्र 17 वर्ष निवासी पकरिया कटेल टोला थाना गौरेला जिला जीपीएम को उसके निवास से गिरफ्तार कर चोरी किया हुआ सामान भी जब्त किया गया। इस चोरी की घटना पर महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेसुब बिलासपुर मुनव्वर ख़ुर्शीद, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर, सहायक सुरक्षा आयुक्त ओ.पी.मोहंती एवं पुलिस अधीक्षक रेलवे जबलपुर, उप पुलिस अधिक्षक रेलवे कटनी सारिका पांडेय के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार कार्रवाई की गई।

# सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया में चुनाव प्रचार प्रतिबंधित

### ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर ने लोकसभा निर्वाचन के लिए दण्ड प्रकिया संहिता 1973 की धारा-144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के लिये जिले में 19 अप्रैल को मतदान सम्पन्न होना है। मतदान के 48 घंटे पूर्व से किसी भी अनैतिक, अवैधानिक, संदिग्धो, अनुचित गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाकर लोक परिशान्ति बनाए रखने एवं मतदान की सम्पूगर्ण प्रक्रिया को निर्विघ्नक एवं निष्पनक्ष रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से दण्ड प्रकिया संहिता 1973 की धारा-144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले की राजस्व सीमा के भीतर 17 अप्रैल को शाम 6.00 बजे से 19 अप्रैल को शाम 6 बजे तक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि इस आदेश की अवधि के दौरान राजनैतिक सभा, बैठक, रैली, जुलूस आदि का आयोजन पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। सार्वजनिक स्थानों पर एक साथ पॉंच या पॉंच से अधिक व्यक्तियों का जमाव अथवा समूह बनाकर चलना प्रतिबंधित रहेगा, किन्तु अभ्यर्थियों द्वारा किये जाने वाले घर-घर जनसम्पर्क कार्यक्रम, इस प्रतिबंध से मुक्तं रहेंगे। ऐसे व्यक्ति जो निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं है, उक्ति अवधि प्रारंभ होते ही निर्वाचन क्षेत्र छोड़ देगें। उक्त अवधि में कल्याण मण्ड पों/सामुदायिक भवनों/लॉज/अतिथिगृह के संचालकों द्वारा आगन्तुकों का रजिस्टर संधारित किया जायेगा तथा मतदान केन्द्र में बाहर से जाने वाले व्यक्तियों की जानकारी सत्यापन हेतु तत्काकल स्थानीय पुलिस थाना से साझा की जाएगी। उपरोक्त अवधि में किसी भी ध्वानि विस्ताथरक यंत्र का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि के दौरान किसी भी व्यसक्ति, अभ्यिर्थी अथवा राजनैतिक दल को किसी चिकित्सालय/शैक्षणिक संस्थाओं/मतदान केन्दों से 200 मीटर के दायरे में दल/अभ्यर्थी का कार्यालय खोलने की अनुमति नहीं रहेगी। उक्त अवधि में प्रिंट मीडिया में राजनैतिक विज्ञापन हेतु संबंधित अभ्यर्थी/राजनैतिक दल/अन्यं व्यक्तियों को कम से कम दो दिवस पूर्व आवेदन कर विज्ञापन का पूर्व प्रमाणन कराना आवश्यक होगा। उल्लंघन पाये जाने पर संबंधितों के विरुद्ध भारतीय दंड विधान 1860 के प्रावधानों के तहत अभियोजन की कार्यवाही की जा सकेगी, इस आदेश के जारी होते ही प्रचार प्रयोजन हेतु जारी समस्त वाहनों की



**जिला निर्वाचन अधिकारी ने धारा 144 के तहत जारी किया प्रतिबंधात्मतक आदेश**

अनुमतियां स्वतः निरस्त हो जायेंगी तथा मतदान दिवस के लिये अभ्यर्थी/उनके निर्वाचन अभिकर्ता/कार्यकर्ता के लिये अधिकतम तीन वाहनों की अनुमति पृथक से प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इस प्रकार प्राप्त की गई अनुमति के सभी तीनों वाहनों की विन्ड स्क्रीन पर मूल परमिट चस्पा करना अनिवार्य होना, अभ्यर्थियों/राजनैतिक दलों को किसी भी प्रकार के वाहनों से मतदाताओं के परिवहन की अनुमति नहीं होगी। ऐसा करते पाये जाने पर भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 133 एवं लोक प्रतिनिधित्व 1951 की धारा 123(5) के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी, मतदान केन्द्र से 100 मीटर के दायरे में किसी भी राजनैतिक दल अभ्यर्थी के प्रचार से संबंधित झण्डेक, बैनर, पोस्टर, फ्लैक्सत इत्यादि लगाना पूर्णतः निषिद्ध रहेगा, मतदान केन्द्र पर तैनात किये जाने वाले सुरक्षा बल को छोडक़र किसी अन्य व्यक्ति/अभ्यर्थी या राजनैतिक दल के पदाधिकारियों को मतदान केन्द्र से 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र लेकर जाना पूर्णत निषिद्ध रहेगा, उक्त अवधि में किसी भी समय आयोजित किसी भी ओपिनियन पोल, एक्जिट पोल का कोई भी परिणाम किसी भी तरीके से प्रिंट या इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा प्रकाशित, प्रचारित या प्रसारित नहीं किया जाएगा, उक्त अवधि में इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया जैसे- वाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर(एक्स,), इंस्टाग्राम से मैसेज, पिक्चर, आडियो-वीडियो के माध्यम से चुनाव प्रचार-प्रसार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा तथा इन माध्यमों से फेक न्यूज/भ्रमात्मक जानकारी फैलाना पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध साइबर क्राइम (इन्फा मेंशन टेक्नाालाजी एक्ट 2000) की धारा-66 ए एवं भारतीय दंड विधान 1860 के तहत अभियोजन की कार्यवाही की जा सकेगी।,मतदाताओं पर अनुचित दबाव बनाने भय पैदा करने, प्रलोभन स्वरूप विभिन्न वस्तुयें/नकद धनराशि बांटने, पारितोषिक देने, निर्वाचन में असम्यक असर डालने वाले कृत्य/ सभी राजनैतिक दलों, अभ्यर्थियो अन्य व्यक्तियों के लिये पूर्णत वर्जित रहेगें। उल्लंघन पाये जाने पर भारतीय दंड विधान 1860 की धारा 171 (बी) एवं (सी) के तहत अभियोजन की कार्यवाही प्रारंभ की जा सकेगी, मतदान केन्द्र में कर्तव्यरूढ़ अधिकारियों/कर्मचारियों एवं सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त अधिकारियों को छोडक़र अन्य किसी व्यंक्ति अभ्यकर्थी अथवा राजनैतिक दल के प्रतिनिधि को मतदान केन्द्र में मोबाइल फोन, सेलुलर फोन, अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस लेकर प्रवेश वर्जित रहेगा। मतदान केन्द्र में मतदान कर्मी एवं माइको-आब्जर्वर अपना मोबाइल फोन सायलेन्ट मोड में रख सकेंग, अभ्यर्थी/राजनैतिक दलों द्वारा आम मतदाता की सुविधा हेतु अपने स्तर से वितरित कराई जाने वाली मतदाता पर्चियां सादे एवं सफेद कागज में मुद्रित कराई जावेगी तथा इन पर्चियों पर अभ्यर्थी / राजनैतिक दल का नाम एवं चुनाव चिन्ह मुद्रित कराना पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।

खबर संक्षेप



### धूमधाम से मनाया चैत्र रामनवमीं पर्व

**बुढ़ार।** शहडोल रोड़ पर स्थित मां रामेश्वरी धाम कटकोनी में बुधवार को चैत्र नवरात्र के अंतिम दिवस रामनवमी को सुबह मां जगदम्बा का विशेष श्रृंगार के उपरांत कन्या पुजन एवं कन्या भोज,हवन के बाद श्री राम जन्मोत्सव बाजें गाजें के साथ मां रामेश्वरी को छप्पन भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। रामनवमी पर्व पर मंदिर प्रांगण में सैकड़ों भक्तो पहुंचकर माता रानी के समक्ष अपनी मनोकामना पूर्ण करने की अर्ज लगाईं साथ ही काली नृत्य के साथ भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी धर्मों के लोग पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

### 60 वर्षो से निरंतर चालू सड़क को बंद कराया

**अमलाई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपुरी के द्वारा लगभग 60 वर्षो से निरंतर रूप से चालू सड़क को बंद कर दिया गया है जिससे वहां के रहवासी में जमकर रोष है उनका कहना है कि यह रोड पहले से ही है और इसमें नगर पालिका के द्वारा भी सड़क निर्माण कराया गया था मगर फिर भी अस्पताल प्रबंधन की तरफ से बाउंड्री वॉल कर दिया गया स्थानीय विरोध को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। वार्ड वासियों का कहना है कि जब तक इस समस्या का समाधान नहीं होगा तो आने वाले लोकसभा चुनाव का सामूहिक रूप से बहिष्कार किया जा सकता है क्योंकि प्रशासन भी अभी तक अनदेखा करती आ रही है।

### गोफनुमा गड्ढे के समीप नाला बना खतरनाक

**अमलाई।** नगर पालिका परिषद धनपुरी के वार्ड नंबर 7 में मदरसा के पीछे पूरे वार्ड का गंदा पानी एकत्रित था उसे खोलकर नाला बनाने के लिए वार्ड नंबर 7 के नाला में जोड़ दिया गया है। वार्ड वासियों ने आरोप लगाया है कि वर्षों से एकत्र तालाब नुमा गड्ढे में गंदा पानी को खोलकर नाले में जोड़ दिया गया है जिससे पशु मवेशी एवं छोटे छोटे बच्चों के लिए जान का खतरा बन चुका है। बताया जाता है कि गंदे पानी में गाय गिर के फस गई थी समय रहते लोगों के द्वारा गाय को बाहर निकाल लिया गया और बचा लिया गया। वार्ड वासियों को कहना है कि जहां पानी भरा हुआ है वहां से चंद कदम की दूरी गोफ नुमा गड्ढा है जिससे पानी गोप में जाने से बड़ा हादसा होने का खतरा भविष्य में बन सकता है। सुरक्षा की दृष्टि से नगर पालिका को नाला निर्माण किया जाना चाहिए जिससे पानी की निकासी हो सके।

### 12 वैकल्पिक पहचान पत्र के साथ मतदाता कर सकते है मतदान

**शहडोल ।** लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदाता 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र के साथ भी मतदान कर सकते है, वैकल्पिक पहचान पत्र में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र को मान्य किया गया है। इसके साथ-साथ बैंक और डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड,श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों तथा विधायकों को

---

बिना टीपी के कपास, छुला की लकड़ी अवैध रूप परिवहन करते हुए

# उड़नदस्ता टीम ने मौके से वाहन को किया जप्त

### परिक्षेत्र बुढार के अधिकारी घंटों बाद पहुंचे मौके पर लापरवाही हुई उजागर

**बुढ़ार।**

दक्षिण वन मंडल क्षेत्र के अंतर्गत सिंहपुर मार्ग पर बुधवार की सुबह 5 बजे उड़न दस्ता टीम ने गस्ती के दौरान आईसर ट्रक क्रमांक एमपी 18 जी ए 2970 में लोड कपास (छुला) की लकड़ी लगभग 10 टन बिना टीपी एवं उपसरपंच के फर्जी दस्तावेज बनाकर अवैध रूप से ओपीएम पेपर मिल में परिवहन करने ले जा रहा था जिसे मौके पर लकड़ी से संबंधित कागजात मांगे गए लेकिन दस्तावेज फर्जी प्रस्तुत किया जिसे वन विभाग ने अपने अभिरक्षा में लेते हुए वन परिक्षेत्र कार्यालय में खड़ा कर राजसात की कार्रवाई की जा रही है।

उड़न दस्ता प्रभारी शिव पुजन त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि बंधवा जूगयारी के



जंगल से लकड़ी काट कर बुधवार सुबह लगभग 5 बजे सिंहपुर मार्ग पर पेट्रोलिंग गस्ती की जा रही थी उसी दौरान गिरीश शुक्ला निवासी बंगबार के चालक गंगा राम चौरासिया पिता प्रेम लाल निवासी जूगयारि अपने वाहन में कपास छुला की लकड़ी लोड़ कर परिवहन कर रहा था जिसे मौके पर रोक कर दस्तावेजों की मांग किया लेकिन चालक के द्वारा कोई भी कागजात नहीं प्रस्तुत किया। लकड़ी से संबंधित आगे की कार्यवाहीं के लिए वन परिक्षेत्र बुढार के गोपालपुर बीट गार्ड को सौंपा गया है।

मौके पर नहीं पहुंचे अधिकारी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जब उड़न दस्ता प्रभारी वाहन को पकड़ लिया और उसके बाद बुढार वन परिक्षेत्र के संबंधित अधिकारी को फोन से सुचना दी तो वन परिक्षेत्र बुढार के कर्मचारी काफी देर के बाद मौके पर पहुंचे कुल मिलाकर इस समय वन विभाग में लापरवाही का आलम व्याप्त है और संबंधित अधिकारी अपनी चुप्पी साधे हुआ है और लगातार हो रहा वनों का विनाश। इस कार्रवाई में हरदी सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी नरेंद्र मिश्रा,राम नरेश पटेल, नरेंद्र दाहिया उड़न दस्ता की कार्रवाई में अपना योगदान दिया है।

---

धनपुरी के दलबदलू पार्षदों की भूमिका सवालों के घेरे में

# पहले विश्वास बेचा अब पार्टी बदल डाली

**धनपुरी।**

निजी स्वार्थ के लिए अपनी पार्टी और वार्ड के मतदाताओं को सरेआम धोखा देकर विरोधी पार्टी का अध्यक्ष चुनने वाले धनपुरी नगर पालिका के तीन कांग्रेसी पार्षद अंततः अपनी पार्टी और समर्थक जनता को धोखा देते हुये भाजपा की झोली में जा गिरे। गौरतलब है कि नगरीय निकाय के चुनाव में अधिक सीटें होने के बावजूद कांग्रेस की टिकट पर चुनाव जीतने वाले पार्षद गण अपना अध्यक्ष नहीं चुन सके बल्कि भाजपा उम्मीदवार को बहुमत के साथ सत्ता सौंप दी और खुद उपाध्यक्ष का पद लेकर अपने ही वार्ड के मतदाताओं की भावनाओं को कुचल कर रख दिया। मौजूदा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को जिताने के लिए इन्हीं दलबदलू पार्षदों को वोट मांगने की जिम्मेदारी सौंपी गई और वह पलटी मार गए। नाम बड़े और दर्शन छोटेधनपुरी नगर पालिका के ऐसे पार्षदों का नाम दलबदलुओं की लिस्ट में शामिल हो गया है जो बहुत ही वरिष्ठ और पार्टी संगठन के प्रति पूर्ण समर्पित नेता माने जाते रहे हैं। पता नहीं ऐसा क्या हुआ की नगर पालिका चुनाव के दौरान उनका ईमान डोल गया और वह फूल छाप कांग्रेसी बन बैठे। नगरीय निकाय के गठन के दौरान जो हुआ वह किसी से छिपा हुआ तो नहीं है। विधानसभा चुनाव के दौरान ही इन नेताओं का वोट मांगने के लिए घर से निकलना बहुत ही मुश्किल साबित हो रहा था। अब दलबदल के बाद उनके पास इस सवाल का जवाब नहीं है कि जनता जब अपने वोट बेचे जाने की बात पूछेगी तो वह आखिर क्या कहेंगेलोग क्या कहेंगेजिले के दल बदलू और बिकाऊ नेताओं के इतिहास पर नजर डालें तो धनपुरी नगर पालिका के अध्यक्ष उपाध्यक्ष के चुनाव से बड़ा उदाहरण हाल फिलहाल कोई नहीं है। धनपुरी नगर पालिका जहां कांग्रेस पार्टी के पार्षदों की संख्या अधिक थी वहां भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार का अध्यक्ष पद पर चुना जाना कांग्रेस पार्टी के निष्ठावान पार्षदों की ईमानदारी के मुंह पर तमाचा जैसा ही है। इन अवसरवादी बिकाऊ नेताओं पार्षदों या उनकी भांति विभिन्न स्तरों पर दल बदलू की भूमिका निभाने वाले नेताओं के चुनाव क्षेत्र में जाने पर, मतदाताओं पर इसका क्या असर पड़ेगा यह सवाल अपने आप में महत्वपूर्ण है और उसका जवाब निश्चित तौर पर ऐसे नेताओं कार्यकर्ताओं की कथित निष्ठा के अनुरूप मिलने की संभावना को कैसे नकारा जा सकता है।नकारात्मक नतीजे संभवआम जनता या मतदाता की भावनाओं को जब ठेस लगती है तो प्रत्यक्ष तौर पर तो वह अपने नेता या कार्यकर्ता को कोई जवाब नहीं देते या इसका प्रतिवाद नहीं कर पाते लेकिन चुनाव के समय ही जब वह नेता या कार्यकर्ता फिर से वोट मांगने पहुंचता है तो वही मतदाता कार्यकर्ता जो कल तक उसके साथ थे नकारात्मक जवाब देने से भी नहीं चूकते हैं। तो क्या ऐसी स्थिति में भाजपा या कांग्रेस के धनपुरी नगर पालिका के उन वार्डों में नकारात्मक वोट पड़ेंगे जहां के पार्षदों ने अपनी पार्टी, संगठन और वार्ड के मतदाताओं की भावनाओं को ताक पर रखकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास किया है।

---

## अमलाई रेलवे फाटक में ओवर ब्रिज की मांग, फाटक बंद होने से लोगों को धूप में घंटों करना पड़ता है इंतजार

**अमलाई।**

अमलाई रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज मांग लंबे समय से चली आ रही है किंतु लोगो की यह मांग अबतक पूरी नही हो सकी है। रेलवे भी अब तो लगभग सभी रेलवे फाटकों को बंद कर ओवरब्रिज या अंडरग्राउंड ब्रिज बनाने का कार्य कर रही है किंतु अमलाई रेलवे फाटक का कायाकल्प कब होगा यही सवाल लोगो की जुबान पर है। जिसकी मांग काफी लंबे समय से की जा रही है किंतु यहां अबतक ओवरब्रिज का निर्माण नही हो सका है जिससे स्थानीय और दूर से आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी होती है।



### गर्मी की चिलचिलाती धूप में घंटो इंतजार

यहां हर आधे घंटे में रेलवे फाटक बंद हो जाता है और 15-20 मिनट तक बंद रहता है जिससे लोगो को चिलचिलाती धूप में इंतजार करना पड़ता है रेलवे द्वारा फाटक के दोनों ओर कोई शेड निर्माण भी नही कराया गया है जिससे लोगो को कम परेशानियों का सामना करना पड़े। गर्मी के दिनों में लोगो को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। स्थानीय लोगो ने कई बार यहाँ ओवरब्रिज बनाने की मांग की गई है किंतु यह मांग अबतक पूरी नही हुई है।

### केंद्रीय चिकित्सालय और स्कूल पहुंच मार्ग

यह रेलवे फाटक एसईसीएल के केंद्रीय चिकित्सालय और स्कूल के साथ साथ थाना अमलाई को जोड़ता है। जहां आने जाने के लिए लोगो को रेलवे फाटक से गुजरना पड़ता है। किंतु फाटक बंद होने से मरीजो और स्कूली बच्चों को काफी परेशानी होती है और समय पर नही पहुंच पाते है। जिसको लेकर स्थानीय लोगो द्वारा कई बार ओवरब्रिज निर्माण की मांग की जा चुकी है। इस रेलवे फाटक से ओपीएम, अमलाई, सोडा फैक्टरी और धनपुरी के लोगो के साथ साथ एसईसीएल माइंस में ट्रकें भी आती जाती है जिसके कारण रेलवे फाटक पर काफी भीड़ रहती है।

---

## रामनवमीं के पावन पर्व पर बिजुरी में जगह-जगह हुए भंडारे के आयोजन

### मंदिरों में रही श्रद्धालुओं की काफी भीड़

**बिजुरी।**

चैत्र नवरात्रि के अंतिम रामनवमी के दिन बिजुरी नगर के समस्त मंदिरों में बड़े ही विधि विधान के साथ राम जन्मोत्सव मनाया गया तथा जगह-जगह विशाल भंडारों का आयोजन किया गया जिसमें नगर के श्रद्धालु श्रद्धा के साथ पहुंच कर भगवान राम की पूजा कर भंडारे के प्रसाद को ग्रहण किया, वैसे तो चैत्र की नवरात्रि के पूरे 9 दिन तक माता रानी के मंदिरों में महिलाओं द्वारा बड़े ही श्रद्धा के साथ पूजन कर माता रानी की आराधना की जाती रही है, रामनवमी के दिन सभी मंदिरों को फूलों व गुब्बारों के साथ सजाकर एक अलग ही आकर्षक माता रानी के भक्तों द्वारा बना दिया गया था। नगर में जगह विशाल भंडारों का आयोजन नगर में भक्तिमय का वातावरण पैदा कर दिया, मंदिरों में भक्तों द्वारा भगवान के भजन भये प्रगट कृपाला दीन दयाला संकीर्तन के साथ श्री राम जन्मोत्सव मनाया गया, राम जन्मोत्सव कार्यक्रम में महिलाओं और पुरुषों के साथ-साथ बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, बिजुरी नगर नवरात्रि व रामनवमी के संयुक्त त्यौहार से माता रानी व राममय दिखा, नगर वासियों ने भी एक दूसरे श्रद्धालुओं को रामनवमी की बधाई देते हुए लोगों के मंगलमय जीवन की कामना की।

### मतदाताओं के बीच पहुंचे कमिश्नर, एडीजीपी ने दिया 100 प्रतिशत मतदान का संदेश

**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस. जामोद तथा शहडोल पुलिस जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी.सी. सागर ने जिला मुख्यालय अनूपपुर स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के समीप मतदाताओं की चौपाल लगाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार, अपर कलेक्टर अमन वैष्णव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय, एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा सहित शासकीय सेवक व बड़ी संख्या में मतदाता उपस्थित थे। कमिश्नर बी.एस. जामोद ने मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 19 अप्रैल को हमारे लोकतांत्रिक देश का महापर्व है। सभी मतदाता इस महापर्व में सहभागिता निभाते हुए निर्भीक होकर मतदान करने जाएं। पुलिस एवं प्रशासन कानून व्यवस्था के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने मतदाताओं से 19 अप्रैल को अपने-अपने मतदान केन्द्र में जाकर मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने मतदाता जागरूकता स्लोगन 'आंधी आए या तूफान, 100 प्रतिशत करें मतदान' का संदेश देते हुए सभी से मतदान में सहभागिता की अपील की।

---

## श्रद्धा भक्ति के साथ कोयला नगरी के श्रद्धालु भक्तों नगर में निकाली श्रीराम जी की शोभायात्रा एवं जवारा जुलूस





### आज 18 अप्रैल को मां ज्वालामुखी मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारा

**धनपुरी।**

श्री राम नवमी एवं चैत्र नवरात्रि की दुर्गा नवमी के अवसर पर स्थानीय ऐतिहासिक मां ज्वालामुखी मंदिर से भगवान श्री राम लक्ष्मण एवं हनुमान जी की आकर्षक झांकी निकाली गई। जुलूस के आगे-आगे काली नृत्य और केसरिया ध्वज थामे युवाओं की टोली नगर के प्रमुख स्थलों, मार्गों से केसरिया झंडा लहराते हुए चल रहे थे। जुलूस के साथ समिति के सदस्य महेंद्र सिंह पवार, संतोष मेहरा, आकाश मिश्रा, मैथिलीशरण गुप्त,पूरन लोधी, व पुष्पेंद्र सिंह, राम सिंह, पप्पू महाराज, , सुनील नामदेव, अबधराज सिंह, नवनीत सिंह, पत्रकार राजू अग्रवाल,लक्ष्मन सोनी अन्य सदस्य चल रहे थे।नगर भ्रमण श्री राम जी की शोभायात्रा एवं जवारा जुलूस आगे बढ़ते हुऐ कुदरा टोला, सरकारी टोला ,कछिया टोला होते हुए धनपुरी आजाद चौक पहुंची। काली जी के नृत्य की साथ जुलूस आगे बढ़ते हुए आजाद चौक से झिरिया स्कूल पुरानी बस्ती होते हुए पुनः ज्वालामुखी मंदिर जुलूस पहुंची जहां जवारा विसर्जन किया गया। इसी तरह से वहीं वार्ड नंबर 2 बिलियस नंबर 1 काली मंदिर, कालरी नंबर1 ,अमलाई तक से इसी तरह अन्य जवारा जुलूस विभिन्न स्थलों से निकाली गई जो आजाद चौक होते हुए ज्वालामुखी कलश विसर्जन के लिए पूरी श्रद्धा भाव से दर्जनों स्थलो से निकले जवारा जुलूस ज्वालामुखी स्थित कुंड में विसर्जन के लिए पहुंचे।आधा किलोमीटर का जुलूसमां ज्वालामुखी मंदिर से 3 हजार 5 सौ ज्वारों का विशाल जवारा जुलूस आधा किलोमीटर लंबा था जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक को महिलाओं और युवाओं का एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर सहभागिता निभाई। धनपुरी नगर की सबसे बड़ी जवारा जुलूस मां ज्वालामुखी मंदिर से निकाली गई जो जवारे के आगे आगे काली छप्पर वाली नृत्य करते हुए निकली जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। जुलूस में महिलाएं पुरुष बच्चे के भारी संख्या में शामिल होते हैं जिनका भव्य स्वागत किया जाता है।इस जुलूस यात्रा के दौरान रास्ते भर श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया।अन्य मंदिरों में भी धूमइसी तरह से विभिन्न वाडो में स्थित देवी मंदिरों, शक्ति पीठों से भी शाम को जवारा जुलूस काली नृत्य करते जवारा विसर्जन करने ज्वालामुखी मंदिर स्थित कुंड में पहुंचे जहां मां ज्वालामुखी प्रबंधन समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। खेर माता मंदिर से जवारा जुलूस निकाला गया जो भव्य आयोजन किया गया। बिलियस नंबर 1 काली मंदिर से जवारा जुलूस मां काली नृत्य करते हुए आजाद चौक पहुंची इसी तरह से नगर के विभिन्न वार्डों से जवारा जुलूस काली नृत्य करते हुए आतिशबाजी करते हुए विभिन्न मार्गो से होते हुए विसर्जन के लिए मां ज्वालामुखी मंदिर पहुंचे जहां विसर्जन के लिए कुंड की व्यवस्था बनाई गई है वहां पूरे विधि विधान के साथ जवारा कलश का विसर्जन विभिन्न समितियों के द्वारा किया गया।जवारा जुलूसों का स्वागतराम नवमी के पावन पर्व पर नगर के विभिन्न वार्डों से विशाल जवारा जुलूस का स्वागत नगर के प्रतिष्ठितजनों के द्वारा हर साल की तरह इस साल भी जगह जगह स्वागत किया गया जवारा जुलूस में शामिल महिलाएं बच्चों व श्रद्धालुजनो को चना प्रसाद वितरण किया गया वही वार्ड नंबर 17 नवयुवको के द्वारा फ्रूटी जुलूस में आए श्रद्धालुओं को वितरण किया गया वही गोल बाजार युवकों के द्वारा खिचड़ा प्रसाद का वितरण जुलूस में आए श्रद्धालुओं को किया गया वही आजाद चौक में जुलूस में आए श्रद्धालुओं को खीर प्रसाद वितरण कर स्वागत किया गया इसी तरह माइकल चौक श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया पुराने बैंक ऑफ बड़ौदा के पास श्रद्धालु जनों के द्वारा चना प्रसाद का वितरण श्रद्धालु जनों को किया गया इसी तरह से कई स्थलों में जवारा कलश में शामिल महिलाएं बच्चों को जगह जगह पानी पाउच झालमुड़ी आदि वितरित किए गए।आज विशाल भंडारामां ज्वालामुखी मंदिर हर वर्ष की भांति वर्ष भी नवरात्रि पर्व के दूसरे दिन यानि 18 अप्रैल को ज्वालामुखी प्रांगण में सुबह 11:00 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा समिति के सदस्यों के द्वारा नगर के भक्तजनों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्यात्मक में माता रानी के दरबार में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करें ।

---

# कोतमा में पुलिस की निष्क्रियता नगरवासियों को कर रही बेचैन

### कपड़ा दुकान में तीसरी बार हुई चोरी, एक भी एफआईआर नहीं की दर्ज

**कोतमा।** नगर में चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पूर्व की चोरी का पुलिस आज तक खुलासा नहीं कर पाई की नई छोरी की वारदात घटित हो जाती है। पूर्व की एक दर्जन से ज्यादा चोरियों का पुलिस आज तक खुलासा नहीं कर पाई। विगत मार्च महीने में वार्ड क्रमांक 7 ज्योति पेट्रोल पंप के पीछे निवास करने वाले शिक्षक सुधीर सक्सेना के यहां लगभग 30 लाख की चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा सुनने घर में कर ली गई लेकिन पुलिस आज तक विवेचना करने में ही जुटी हुई है चोरों का पता नहीं लगा पाई। वर्तमान में लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू है और पुलिस आमजन को भय मुक्त होने का दावा कर रही है लेकिन नगर में स्थितियां है कि लोग अपने आप को ना तो घर में सुरक्षित महसूस कर पा रहे हैं और ना ही बाहर। चार दिन पूर्व आधे घंटे के अंदर नगर में दो मोबाइल लूट की घटना घटित हुई और इसके पूर्व 9 अप्रैल को खाने के सामने से जब शांति समिति की बैठक चल रही थी तब एक युवक का मोबाइल लूट कर लुटेरे थाने के सामने से भागने में सफल हो गए। जबकि थाने के सामने उच्च क्वालिटी के सीसीटीव्ही कैमरे लगे हैं लेकिन पुलिस आज तक उन लुटेरों का पता नहीं लगा पाई और ना ही पुलिस आज तक मोबाइल लूट का मामला भी पंजीबद्ध कर पाई और नगर में फिर एक चोरी की घटना घटित हो गई। अरिहंत कलेक्शन कपड़ा दुकान में तीसरी बार चोरी पुलिस द्वारा आज तक एक भी एफआईआर दर्ज नहीं की।




नगर के वार्ड क्रमांक 2 रेलवे स्टेशन चौक के पास आदिशक्ति पंचायती मंदिर के सामने अरिहंत कलेक्शन कपड़ा दुकान में अज्ञात चोर द्वारा 15-16 अप्रैल की दरमियानी रात छानी का खप्पर तोड़कर दुकान में घुसे 50 से 53 हजार का कपड़ा चोरी कर ले गए। दुकान के मालिक अशोक जैन ने बताया कि जब प्रतिदिन की भांति सुबह 10 बजे दुकान खोलकर देखा तो पूरी तरह से कपड़ा फैला हुआ था। अज्ञात चोरों ने कपड़ा चोरी कर ले गए और उसकी कुल कीमत 53 हजार रुपए के लगभग की लगभग है। थाना में लिखित रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है। पिछले 1 साल के अंदर लगातार तीन बार चोरी की घटना घटित हो चुकी है। जिसकी मैं लिखित शिकायत थाने में किया हूं किंतु आज तक पुलिस द्वारा चोरी का मामला दर्ज नहीं किया।

### खोल रहे पुलिस गश्त की पोल

एक ओर कोतमा पुलिस रात्रि कालीन गस्त करने का दावा कर रही है और दूसरी और पुलिस अगस्त के दौरान ही बीच बाजार से अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। इससे पुलिस के ग्रस्त की पोल खोल नजर आ रही है। नागरिकों ने नगर में बढ़ती आपराधिक घटनाएं चोरी लूट की वारदात को काम करने एवं चोरी का खुलासा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से करवाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### जिले को मिले दो पुलिस अधिकारी

**अनूपपुर।** प्रदेश शासन गृह विभाग के अवर सचिव ने 16 अप्रैल को दो अधिकारियों को स्थानांतरण कर अनूपपुर जिला भेजा है जिसमे जबलपुर रेल मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रहे मोहम्मद इसरार मंसूरी को अनूपपुर मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप मे पदस्थ किया है वही उप पुलिस अधीक्षक अजाक रीवा मे रहे नवीन तिवारी को पुष्पराजगढ़ का एसडीओपी नियुक्त करते हुये कार्यभार ग्रहण करने हेतु आदेशित किया है।

### दैखल के बंधवाटोला में अज्ञात युवक ने लगाई फांसी

**अनूपपुर।** जिले के फुगना पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत दैखल के बंधवाटोला में स्थित गोहडारू नदी के समीप 17 अप्रैल की सुबह 20-25 उम्र के अज्ञात युवक की आम के पेड़ में फांसी लगी मृत स्थिति में शव पुलिस ने बरामद किया जिसे प्रारंभिक जांच बाद सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। फुनगा पुलिस अज्ञात युवक की पहचान मे लगी हुई है अज्ञात मृतक सफेद रंग की हाफ चौकीदार शर्ट एवं इनोवा गोल्ड अंडरवियर पहने हुए हैं, फुनगा चौकी के सहायक उप निरीक्षक अर्जरिया ने आम जनों से अज्ञात युवक की पहचान हेतु प्रयास करने तथा किसी भी तरह की जानकारी मिलने पर भालूमाड़ा थाना अथवा फुगना पुलिस चौकी सूचित करने का आग्रह किया है।

### मतदान ड्यूटी वितरण के दौरान यातायात व्यवस्था मे किया गया बदलाव

**अनूपपुर।** आज सुबह 5 बजे से शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में मतदान दलो की ड्यूटी वितरण एवं वितरण उपरांत दल रवाना होंगे। पॉलिटेक्निक कॉलेज से मत पेटियां एवं सामग्री लेकर जिले के सभी मतदान केंद्रों को रवाना होंगे। इस दौरान शहर की यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था मे बदलाव किया गया है जिसमे चंदास नदी पुल के आगे बाईं ओर दोपहिया वाहन पार्किंग मतदान ड्यूटी में लगे समस्त अधिकारी कर्मचारी जो दो पहिया वाहन से ड्यूटी हेतु आएंगे उनके वाहन चंदास नदी पुल से आगे पॉलिटेक्निक ग्राउंड पार्किंग स्थल में पार्क होंगे। चार पहिया वाहन पार्किंग मतदान ड्यूटी में आने वाले सभी अधिकारी, कर्मचारियों के चार पहिया वाहन हेलीपैड मैदान में पार्क होंगे प्रतिबंधित मार्ग चंदास नदी पुल से पॉलिटेक्निक कॉलेज होते हुए अमरकंटक रोड की ओर जाने वाला मार्ग आम यातायात हेतु प्रतिबंधित रहेगा। निर्धारित मार्ग मतदान ड्यूटी हेतु आने वाले समस्त दुपहिया वाहनो का प्रवेश, चंदास नदी की तरफ से होगा तथा समस्त प्रकार के चार पहिया वाहन हेलीपैड तरफ से आएंगे तथा ड्यूटी वितरण उपरांत सभी विधानसभा क्षेत्र के वाहन हेलीपैड तरफ से रवाना होंगे वही शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रातः 6 बजे से प्रतिबंधित रहेगा।

### कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने 3 अपराधियों को किया जिला बदर

**अनूपपुर।** लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने जिला प्रशासन द्वारा प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर आपराधिक गतिविधियों में संलग्न तत्वों के विरुद्ध भी लगातार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आशीष वशिष्ठ ने जिले के 03 नम्बर दफाई भालूमाड़ा थाना भालूमाड़ा निवासी अनावेदक फैजान सफी उर्फ छोटकू पिता मो. मुस्लिम मुसलमान उम्र 26 वर्ष के विरूद्ध 9 आपराधिक व 6 इस्तगासा प्रकरण दर्ज होने, वेंकटनगर थाना जैतहरी निवासी अनावेदक देवराज सिंह पिता सतीश सिंह उम्र 30 वर्ष के विरूद्ध 10 आपराधिक प्रकरण दर्ज होने तथा पटौराटोला अनूपपुर थाना कोतवाली अनूपपुर निवासी अनावेदक गुड्डु उर्फ हरिवंश श्रीवास्तव पिता स्व. रामप्रसाद श्रीवास्तव उम्र 37 वर्ष के विरूद्ध 19 आपराधिक प्रकरण दर्ज होने व आपराधिक गतिविधियों में संलग्न पाए जाने पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3.1, धारा-5 की कंडिका (क) एवं (ख) तथा सहपठित धारा-7 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले की चतुर्दिक राजस्व सीमा तथा सीमा से लगे हुए मध्यप्रदेश राज्य के जिलों शहडोल, उमरिया एवं डिण्डौरी चतुर्दिक राजस्व की सीमाओं से एक वर्ष की कालावधि के लिए निष्कासित किया है।

---

### अपने-अपने विभीषणों को लेकर चिंतित सभी दल

लोकसभा के लिये मतदान में कुछ ही घंटे शेष है। शहडोल लोकसभा सीट में मुख्य टक्कर कांग्रेस तथा भाजपा के बीच है टिकट वितरण से लेकर संगठन के दायित्व निर्वहन में मची खींचतान से दोनो ही दलो के पदाधिकारी जूझ रहे है। कांग्रेस ने अपना डैमेज कंट्रोल करने के लिये हर स्तर पर कार्यकर्ताओं के माध्यम से काम कर रही है, वहीं भाजपा स्थानीय स्तर पर ही बातचीत के माध्यम से गुटबाजी को दूर करने का प्रयास कर रही है। भाजपा देश भर में चल रहे समीकरण को आत्मसात करते हुये अनूपपुर में भी कांग्रेसी असंतुष्टो को अपने खेमे में मिलाने की कोशिश में जुटी हुई है वही इसी राह पर कांग्रेस भी चलकर भाजपाई असंतुष्टो को अपनी तरफ मिलाने के भरसक प्रयास मे जुटी हुई है परंतु उसे अपेक्षित सफलता नही मिल पायी। दूसरी तरफ कल शाम 6 बजे से राजनैतिक प्रचार प्रतिबंध लगने बाद भाजपा कांग्रेस समेत अन्य राजनैतिक दल व निर्दलीय प्रत्याशी समर्थन पाने एड़ी चोटी का जोर लगाये हुये हैं।

# थम गया चुनाव का शोर, अब घर-घर जनसंपर्क पर जोर

### इस बार के लोकसभा चुनाव में हर तरफ शांति-शांति है....

**4 जून को मिलेगा मेहनत का फल**

दोनो ही दलो में प्रारंभ से स्थिति एक समान बनी हुई है दोनो ही दल अपने अपने विभीषणों को लेकर चिंतित रहे है। स्थानीय कार्यकर्ता आयातीत प्रत्याशियों से व्यथित व परेशान नजर आ रहे हैं, लेकिन अपना दुख बतायें तो बतायें किसे। बहरहाल भाजपा कांग्रेस समेत सभी दलो के प्रत्याशी और उनके कार्यकर्ता पूर जोश खरोश के साथ सभी मतदाताओं से संपर्क करने का प्रयास कर रहे हैं तथा उनको अपने समर्थन मे वोटिंग करने को प्रेरित करने के काम मे लगे हैं। हालांकि उनके मेहनत और दल के घोषणा पत्र पर जनता की मुहर का हिसाब किताब 19 अप्रैल तथा उसके पिटारे से निकला आदेश 4 जून को ही पता चलेगा, लेकिन अभी किसी भी दल व निर्दलीय प्रत्याशी तथा उनके सक्रिय सहयोगियों को एक मिनट की फुर्सत नही है।

### प्रत्याशियों के लिए आज की रात अहम, होगी कयामत की रात

**अनूपपुर।** लोकसभा चुनाव के नामांकन भरने के बाद प्रत्याशियो ने प्रचार तेज कर दिया था जो अब चरम पर पहुंच चुका है। प्रचार प्रसार के कल अंतिम दिन में पूरे लोकसभा क्षेत्र में जाने का प्रयास किया ताकि प्रत्येक मतदाताओ के सामने अपनी बात रख सके और अपने लिये जीत का आर्शीवाद ले सकें इसके लिये हर एक प्रत्याशी अपने-अपने तरीके से प्रचार में जुटा हुआ था। शहडोल लोकसभा में मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच दिख रहा है। यहां कांग्रेस से प्रत्याशी फुंदेलाल सिंह है वही उनके सामने मुख्य प्रतिद्वंदी भाजपा से श्रीमती हिमाद्री सिंह हैं। हालांकि अन्य दलो के प्रत्याशी भी मतदाताओं के बीच अपनी खास पैठ बनाये हुये हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा कांग्रेस के बीच ही नजर आ रही है।

#### हर तरफ शांति-शांति है....

शहडोल लोकसभा मे 19 अप्रैल को मतदान के पूर्व चुनाव प्रचार बिना पोस्टर बैनर के देखा गया या यह कहा जाये कि इस बार का लोकसभा चुनाव शांति के माहौल के बीच संपन्न होने जा रहा है। इस बार चुनाव प्रचार में पोस्टर बैनर नजर नहीं आ आये। इस बार चुनाव प्रचार में नीरसता का माहौल देखा जा रहा है। देखा गया कि भाजपा संगठन गांव-गांव में छोटी-छोटी बैठकें कराने पर भी जोर दे रही थी परंतु जिला मुख्यालय सहित जनपद मुख्यालय में भी प्रत्याशियों के पोस्टर, बैनर गायब रहे वही वाहनों से भी चुनाव प्रचार नजर नहीं आ आया। इसके अलावा भाजपा, कांग्रेस के साथ अन्य पार्टियों सहित निर्दलीय उम्मीदवारों के भी कुछ ऐसे ही हाल नजर आये। कुल मिलाकर राजनीतिक दल व प्रत्याशी बिना शोर शराबा, बैनर पोस्टर के ही चुनाव प्रचार करते नजर आये और मतदान के 48 घंटे पहले तक यही स्थिति नजर आई अब तो मतदान पूर्व चुनाव प्रचार पर रोक लगने बाद प्रत्याशी जनसंपर्क कर वोटरों को साधने मे जुटे हुये हैं जिन्हे उनके मेहनत का परिणाम 19 अप्रैल को मतपेटी मे बंद होकर 4 जून को मिलेगा तब तय होगा कि अब शहडोल लोकसभा का नया खेवनहार कौन होगा।

#### आज की रात कयामत की रात




इस बार चुनाव प्रचार अधिक शोरगुल वाला नहीं रहा। 48 घंटे पहले बाहरी तौर पर चुनाव प्रचार अवश्य बंद हो गया, लेकिन अंदरूनी हलचल बढ़ गई है। चुनावी शोर थमने के साथ ही उम्मीदवारों के पक्ष में आए कार्यकर्ता अपने-अपने ठिकानों के लिए रवाना हो गए। प्रत्याशी समर्थकों के साथ डोर-टू-डोर प्रचार में जुट गए हैं। चुनाव आयोग की टीम प्रत्याशियों के प्रचार पर कड़ी निगाह रख रही है। चुनाव आयोग की सतर्कता से मतदाताओं को प्रलोभन, शराब व नकदी के बल पर रिझाना संभव नहीं हो पा रहा है। चुनाव प्रचार थमते ही पुलिस पूरी तरह सक्रिय हो गई है। प्रदेश की सीमा व चेकपोस्टों पर पुलिस बल बढ़ाया गया है। सीमाओं से गुजरने वाले वाहनों की कड़ी जांच की जा रही है, ताकि शराब और अन्य नशीले पदार्थ प्रदेश में नहीं पहुंच सकें। रात को पुलिस गश्त बढ़ा दी है, जिससे प्रत्याशी व उनके समर्थक नकदी व शराब आदि के जरिए मतदाताओं को लुभा नहीं सकें। लाइसेंसशुदा हथियार पुलिस पहले ही जमा कर चुकी है। शहडोल लोकसभा में 18 अप्रैल की रात कयामत की रात मानी जा रही है। यह अंतिम दौर किसी भी पक्ष में माहौल बनाने व बिगाडने में अहम साबित होता है। मतदाताओं को अपने पाले में लाने के लिए प्रत्याशियों द्वारा साम-दाम-दंड-भेद की नीति अपनाकर वोट हासिल करने के प्रयास किए जाते हैं। प्रत्याशी भी विपक्षी नेताओं द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर नजर रखे हुए हैं। हालांकि प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी उनकी योजनाएं विफल करने के लिए सजग हैं। मतदान से पहली रात को शराब और नकद रुपए बांटे जाते हैं, लेकिन इस बार चुनाव आयोग की सख्ती से प्रत्याशियों की योजना कितनी सफल होती हैं, यह देखने वाली बात होगी।

---

## धूमधाम से रामनवमीं उत्सव के साथ ही नवरात्रि का समापन

### चैत्र नवरात्रि के अवसर पर पूजा-अर्चना करने के लिए अनुष्ठानों का चला दौर




**अनूपपुर/कोतमा।** जिला मुख्यालय सहित कोतमा नगर एवं कोयलांचल तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तों ने गुरुवार को चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन को राम नवमी के रूप में धूमधाम से मनाया। देवी दुर्गा और भगवान राम के भक्तों ने उत्सव के अवसर पर पूजा-अर्चना करने के लिए अनुष्ठानों का पालन किया। भक्तों ने उपवास रखा, मंदिरों के दर्शन किए, विशेष भोग तैयार किया, हवन का आयोजन किया और कन्या पूजन किया। राम नवमी के साथ, देवी दुर्गा और उनके नौ अवतारों को समर्पित चैत्र नवरात्रि का नौ दिवसीय त्योहार संपन्न हुआ। चैत्र नवरात्रि के नौवे दिन रामनवमी के अवसर पर जिला मुख्यालय सहित कोतमा नगर के ठाकुर बाबा धाम, पंचायती मंदिर, शारदा काली मंदिर, धर्मशाला मंदिर, बूढी माता मंदिर, गोहंड्रा स्थित काली मंदिर, गोविंदा कॉलोनी दुर्गा मंदिर, बुढानपुर गांव के अन्नपूर्णा माता मंदिर, निगवानी गांव में मरखी माता मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का माता के दर्शनों के लिए भीड लगी रही। सुबह 4 बजे से ही महिलाएं पैदल चलकर हाथ में पूजा की थाल लेकर माता के मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ ही जल चढ़ाने पहुंची।

#### हुये कन्या भोजन व हवन

9 दिनों तक भक्तों ने माता की आराधना पूरे श्रद्धा के साथ की वहीं गुरुवार को नवरात्रि के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने मंदिर एवं घरों में हवन किया एवं व्रत का पारण किया। नवरात्रि के अंतिम दिन मंदिरों एवं घरों में लोगों ने कन्या भोज का आयोजन किया। कन्याओं के पैर पूजन के साथ ही उन्हें चुनरी एवं उपहार भेंट किया गया। जगह-जगह भंडारे का आयोजन भी किया गया। नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी का त्योहार गुरुवार को भक्तिपूर्ण ढंग से मनाया गया। नगर के ठाकुर बाबा धाम, शारदा काली मंदिर, धर्मशाला मंदिर, बूढी माता मंदिर, गोहंड्रा स्थित काली, मंदिर बुढानपुर गांव के अन्नपूर्णा मंदिर, दफाई ओला मढिया कॉलेज तिराहा, मढिया पुरानी बस्ती दुर्गा मडिया से जवारे जुलूस निकले गए। नगर सहित विभिन्न कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी का त्योहार भक्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ।

## जिले के 5 लाख 35 हजार 594 मतदाता कर सकेंगे चुनाव में मताधिकार का प्रयोग

### कल सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा मतदान



**अनूपपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा संसदीय क्षेत्र शहडोल हेतु मतदान 19 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर आशीष वशिष्ठ के दिशानिर्देश में जिले में निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए अनूपपुर, कोतमा एवं पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। अनूपपुर जिले में 5 लाख 35 हजार 594 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 2 लाख 69 हजार 492 पुरुष तथा 2 लाख 66 हजार 95 महिला मतदाता तथा 7 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। 86-कोतमा विधानसभा क्षेत्र में 01 लाख 51 हजार 979 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 76 हजार 587 पुरुष तथा 75 हजार 388 महिला मतदाता तथा 4 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी तरह 87-अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 80 हजार 538 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 91 हजार 491 पुरुष तथा 89 हजार 45 महिला मतदाता तथा 2 अन्य मतदाता शामिल हैं। 88-पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 3 हजार 77 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें एक लाख एक हजार 414 पुरुष तथा एक लाख एक हजार 662 महिला मतदाता तथा 1 अन्य मतदाता शामिल हैं। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 699 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिनमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्र. 01, 02, 03 एवं पी-2 बी (जिन मतदान केन्द्रों में 1200 से अधिक मतदाता हैं, वहां नियुक्त किए गए हैं) के रूप में 3072 मतदान कार्मिक तैनात किए गए हैं। अतिरिक्त रूप से मतदान दल का 10 प्रतिशत रिजर्व दल के रूप में मतदान कार्मिकों की भी ड्यिूटी लगाई गई है।

#### 70 सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति

निर्वाचन एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 70 सेक्टर बनाए गए हैं। जिनमें 70 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। साथ ही पुलिस अधिकारियों तथा पुलिस मोबाइल पार्टी की भी तैनातगी की गई है। 86-कोतमा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 18 सेक्टरों में 18 सेक्टर अधिकारी, 87-अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 22 सेक्टरों में 22 सेक्टर अधिकारी तथा 88-पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 30 सेक्टरों में 30 सेक्टर अधिकारी बनाए गए हैं। इसके साथ ही एक-एक स्वास्थ्य अधिकारी सेक्टर में तैनात किए गए हैं। निर्वाचन को दृष्टिगत रख सीमावर्ती क्षेत्रों में बनाए गए चेकपोस्ट में विशेष निगरानी और जांच की कार्यवाही की जाएगी। सभी वाहनों की जांच तैनात अमले द्वारा की जाएगी। सभी चेकपोस्टों में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के साथ ही सुरक्षा बल भी तैनात किया गया है।

## विंध्य प्रांत में विकास की असीम संभावनाएं- राजेन्द्र शुक्ल

### विंध्य के समग्र विकास सामने बौना पड़ेगा छिंदवाड़ा माडल




**अनूपपुर।** विंध्य रत्न की उपाधि से अलंकृत मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला जब यह कहते हैं कि विंध्य प्रांत में विकास की अनंत संभावनाएँ हैं तो इससे किसी को कोई आश्चर्य नहीं होता। क्योंकि यह तो आम जनता बहुत पहले से जानती रही है कि इस क्षेत्र को अभी तक प्रदेश के नक्शे पर वह तवज्जो नहीं दी गयी, जिसका वह सही मायने में हकदार है। अभी तक पूर्ववर्तियों ने कुछ भी नहीं किया, यह कहना उचित नहीं होगा, लेकिन जो किया जा सकता है, अब उस ओर ध्यान केन्द्रित करने की जो आवश्यकता है, पं राजेन्द्र शुक्ल वही करने की कोशिश कर रहे हैं। जब वो ऐसा कर रहे हैं तो रीवा - शहडोल संभाग अन्तर्गत सभी जिलों और इससे लगे क्षेत्रों में भी अपेक्षाएं अब बढ चली हैं।16 अप्रैल को अनूपपुर में जिन लोगों ने मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला को ध्यान से सुना होगा, उनके जेहन में मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का छिंदवाड़ा माडल ध्यान आ गया होगा। महत्वपूर्ण अन्तर सिर्फ इतना है कि लंबे समय तक भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री रहने और फिर लगभग 18 महीने के अपने मुख्यमंत्रित्व काल में कमलनाथ तथाकथित छिंदवाड़ा माडल की ही चर्चा करते रहे थे। उन्होंने बड़े पदों पर रहते हुए भी मध्यप्रदेश की नहीं बल्कि केवल एक जिले की ही बात की। इसके उलट पंडित राजेन्द्र शुक्ल ने उप मुख्यमंत्री बनने के कुछ माह के भीतर ही विंध्य क्षेत्र के समग्र विकास का जो खाका खींचा है, वह कमलनाथ के छिंदवाड़ा माडल से कहीं अधिक वृहद दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। श्री शुक्ल ने मौके पर उपस्थित नगर के बुद्धिजीवियों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकार बन्धुओं को संबोधित करते हुए लगभग एक घंटे मे उद्बोधन में राष्ट्र, प्रदेश और विंध्य क्षेत्र के आगामी पच्चीस वर्षों की कार्य योजना की तस्वीर प्रस्तुत की। जब आम निर्वाचन हेतु मतदान को महज चार दिन बचे हों , ऐसे में नितान्त गैर राजनैतिक बुद्धिजीवियो की संगोष्ठी में उन्होंने पक्ष विपक्ष की चर्चा ना करते हुए विंध्य प्रांत के सम्पूर्ण विकास के लिये सभी प्रबुद्ध जनों के सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक परिदृश्य में मजबूती से आगे बढ रहा है। इन्फ्रास्ट्रक्चर, कृषि, शिक्षा, आवास, भोजन, स्वास्थ्य, पर्यावरण, आध्यात्म, संस्कृति सहित आत्मनिर्भर भारत की रचना में मजबूती से कार्य किया जा रहा है। हम विश्व की पांचवी उन्नत अर्थव्यवस्था हैं। कोविड के कठिन समय को सरकार ने आत्मनिर्भरता की ओर बढने का अवसर माना। श्री शुक्ल ने इसका कारण केन्द्र और प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार को बतलाते हुए कहा कि कमजोर अल्पमत की पूर्ववर्ती सरकारों के कारण देश कमजोर हुआ है। जबकि पिछले दस वर्ष में मजबूत मोदी सरकार का आत्मनिर्भर भारत के प्रति कार्य योजना मजबूती से क्रियान्वित की जा रही है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शहडोल, सतना, रीवा, सीधी, मंडला सहित सभी 29 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही भारतीय जनता पार्टी के लिये यहां जमीनी स्तर पर कड़ी मेहनत की जरुरत महसूस की जा रही है। पंडित राजेन्द्र शुक्ल का उमरिया, शहडोल, सीधी, अनूपपुर, रीवा, सतना, कटनी, मैहर, सिंगरौली सहित अन्य जिलों में अच्छा खासा प्रभाव माना जाता है। उप चुनाच 2020 में उन्होंने अपने कार्य व्यवहार से इसे सही साबित किया है। तब बिसाहूलाल सिंह के विरुद्ध पार्टी के ही कुछ नेताओं के कार्यों पर नियंत्रण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन पर थी। उन्होंने लगभग डेढ माह यहाँ रह कर लगभग 400 से अधिक छोटी बड़ी बैठकें करके विरोधियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया था। तब बिसाहूलाल 35 हजार से अधिक मतों से विजयी हुए थे। राजेन्द्र शुक्ल ने इस क्षेत्र में घर - घर में अपने समर्थकों की बड़ी फौज तैयार की है। 19 अप्रैल मतदान से ठीक पूर्व उनकी आकस्मिक गैर राजनैतिक यात्रा में उमडी भीड़ और अनूपपुर, पसान, अमलाई के सफल आयोजनों ने विंध्य क्षेत्र में उनके एकमेव सर्वस्वीकार्य शीर्ष जननेता की छवि स्थापित की है। इसलिये जब वे केवल रीवा की बात ना करके विंध्य क्षेत्र के समग्र विकास का दावा करते हैं तो लोगों को उनके वायदे पर पूरा भरोसा होता दिखता है। आम जनता आगामी पांच साल और उससे आगे के पांच साल श्री शुक्ल के नेतृत्व से बड़ी अपेक्षाएं बांध चुकी है। चार जून के बाद विंध्य क्षेत्र में अतिरिक्त सक्रियता और कार्य गति देखने को मिल सकती है।



पवित्र नगरी में रामनवमीं पर निकली विशाल शोभायात्रा

## राम हमारे आराध्य हैं - माऊली सरकार

**अमरकंटक।** फलहारी मठ अमरकंटक राम मंदिर में धूमधाम से रामनवमी कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां सुबह से ही विशेष पूजन पाठ प्रकांड विद्वान पंडितों के द्वारा किया गया व विशाल शोभायात्रा पूरे नगर में निकाली गई। रामानंदाचार्य जगतगुरु माऊली सरकार ने बताया कि श्री राम हमारे आराध्य हैं और पूरा विश्व श्री राम के नक्शे कदम पर अब चल रहा है। भारत वर्ष में कुछ समय ऐसा आया था कि भगवान राम को ही काल्पनिक माना जा रहा था परंतु सत्य सत्य ही होता है और भगवान श्री राम लगभग 550 वर्षो की वनवास सह कर अपने मंदिर में विराजमान हुए हैं। भगवान श्री राम जी से मंदिर में विराजमान हुए थे उसे दिन से ही हमारे आश्रम में विशेष पूजन पाठ हो रहा है और रोज होता रहेगा क्योंकि सनातन धर्म में राम ही है जो सब कुछ है। कार्यक्रम में भक्तों के द्वारा श्री राम धुन के साथ विशाल शोभायात्रा फलहारी मठ से प्रारंभ कर पूरे नगर भ्रमण कर पश्चात वापस फलाहारी मठ पहुंचकर विशाल शोभायात्रा को समाप्त किया एवं तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ो की संख्या में भक्तगण भगवान राम के जन्मोत्सव का प्रसाद पवन प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को धन्य किये। विशाल शोभा यात्रा में फलाहारी मठ के साधु संन्यासी पुजारीगण के अलावा हीरा सिंह श्याम, राजेश शिवहरे वह अन्य नगर के भक्तगण नागरिक शामिल हुये।